हिन्दुस्तान (Hindustan)

दिनाँक (Dated): 04/06/2024	पृष्ठ सं0 (Page No). 04	क्रम सं0(Serial No.) 02

संसद की सुरक्षा मिलना गर्व की बात : नीना सिंह

नई दिल्ली, प्र.सं.। सीआईएसएफ मुख्यालय में सोमवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में महानिदेशक नीना सिंह ने सीआईएसएफ के 75 अधिकारियों और कर्मियों को पुलिस पदक, अग्निशमन सेवा पदक और पुलिस प्रशिक्षण में उत्कृष्टता के लिए पदक पाने वालों को सम्मानित किया।

यह पदक उन्हें गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस और अन्य अवसरों पर भारत सरकार द्वारा प्रदान किये गये हैं। नीना सिंह ने कहा कि सीआईएसएफ को संसद भवन की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपा जाना बेहद गर्व की बात है। संवेदनशील जगहों पर सीआईएसएफ के जिम्मे ही सुरक्षा व्यवस्था है।

नीना सिंह ने कहा कि भारत सरकार द्वारा इस तरह के प्रतिष्ठित पदक से सम्मानित किया जाना बल के लिए बहुत गर्व की बात है। सीआईएसएफ आज न केवल देश भर में हवाई अड्डों, बंदरगाहों, मेट्रो और अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को सुरक्षा प्रदान कर रहा है।